ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।
## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 29.06.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- मण्डलायुक्त महोदय श्री आर0 रमेश कुमार द्वारा आज दिनांक 29.06.2021 को नगर निगम, शाहजहॉपुर द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो एवं सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का किया गया औचक भ्रमण।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 29.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य चल रहा है।

1. मण्डलायुक्त महोदय श्री आर0 रमेश कुमार द्वारा आज दिनांक 29.06.2021 को नगर निगम, शाहजहॉपुर द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो एवं सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का औचक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र के मो0– बहादुरपुरा स्थित अपशिष्ट स्थानान्तरण स्टेशन का सर्वप्रथम भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त महोदय द्वारा अपशिष्ट स्थानान्तरण स्टेशन के बारे में जानकारी चाही गई, जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि पूर्व में यह स्थल ब्लैक स्पॉट (कुड़ा कचरा आच्छादित क्षेत्र) था, उक्त स्थल पर नगर निगम द्वारा ब्लैक स्पॉट को समाप्त करते हुये अपशिष्ट स्थानान्तरण स्टेशन का निर्माण कराया गया। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर निगम द्वारा कराये गये इस निर्माण से ब्लैक स्पॉट समाप्त होने के साथ–साथ ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य बताया गया। इसके क्रम में मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र के बेरी चौकी स्थित गौतम बुद्व पार्क का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि नगर निगम द्वारा बेरी चौकी तिराहे पर स्थित गौतम बुद्व पार्क का जीर्णोद्वारा कराया गया है। साथ ही मार्ग के तिराहे पर पुलिस चौकी बाउन्ड्रीवॉल को पीछे करते हुये यहॉ पर रखें ट्रान्सफार्मर को दो स्थलों पर शिफ्ट कराया गया, जिसके दो तरफ यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चलने योग्य बन सकें। इसी के साथ बताया गया कि गौतम बुद्व पार्क का आकृषण सौन्द्रयीकरण किया गया है। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर के सौन्द्रयीकरण एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ का एक अच्छा प्रयास बताते हुये कराये गये कार्य की सराहना की गई। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र के न्यू सिटी (ककरा) से जैव विविधता पार्क तक बनी सड़क के दोनों तरफ लगायें गये पौधों के बारें में जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें निरीक्षण के समय उपस्थित नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि न्यू सिटी (ककरा) के नये रोड से शहीद पार्क (जैव विविधता पार्क) तक बनी निर्मित सड़क के दोनों ओर 1000 पौधें लगाये गये है। जिसमें मण्डलायुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इन पेड़ों की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। इसी क्रम में मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर क्षेत्र में बनी डेयरी वेस्ट प्रबन्धन का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 250 डेयरियाँ है, जिनके गोबर के प्रबंधन के लिये डेयरी वेस्ट मैनेजमेंट का निर्माण कराया गया है, साथ ही बताया कि इससे स्वच्छता अभियान को भी बल मिलेगा और नगर निगम गोबर के प्रबंध के साथ एक मॉडल बन जायेगा। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर निगम की प्रेरणा द्वारा कराया गया यह प्रयास सराहनीय बताया गया। इसके अतिरिक्त ई–चार्जिंग बस स्टेशन का भ्रमण किया गया, जिसमें विद्युत के पोल लगाये जाने का कार्य होता हुआ पाया गया व नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि ई–बस चार्जिंग स्टेशन में समस्त अन्तरिम कार्य समाप्त कर दिया गया भ्रमण के समय मण्डलायुक्त महोदय द्वारा ई–बस चार्जिंग स्टेशन की बाउन्ड्रीबॉल के चारों ओर छायादार एवं फलदार वृक्ष लगवाये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया।

इसके उपरान्त मण्डलायुक्त महोदय द्वारा ककरा से अजीजगंज तक बन रहें पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त महोदय द्वारा पुल के निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को देखा गया व अब तक कराये गये निर्माण कार्य के बारे में जानकारी चाही गई, जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि निर्माणाधीन पुल पर सात कूपों (पिलर) का निर्माण होना है, जिनमें से 04 कूपों (पिलर) का निर्माण लगभग 90 प्रतिशत तक हो चुका है। साथ ही बताया गया कि 15 जुलाई तक ऊपरी भाग के निर्माण का कार्य शुरु करा दिया जायेगा। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा लगभग साढ़े तीन माह की अवधि के दृष्टिगत पुल के निर्माण का कार्य सन्तोषजनक पाया गया। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा न्यू सिटी (ककरा) में बने शहीद पार्क (जैव विविधता पार्क) एवं नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा कराये गये वृक्षारोपण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर को स्वच्छ वातावरण देने के उद्देश्य से शहीद पार्क में लगाये गये विभिन्न प्रजातियों के पौधों की जानकारी की गई। पार्क में कराये जा रहें सौन्द्रयीकरण एवं नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा कराये गये वृक्षारोपण के कार्य की मण्डलायुक्त महोदय द्वारा प्रशंसा की भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त महोदय आर0 रमेश कुमार जी के साथ नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द सचान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 29.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, एमनजई जलालनगर, महमंद जलालनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा चमकनी करबला, बहादुरपुरा व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा खलीलशर्की, कच्चा कटरा, हुण्डालखेल, मोहम्मदजई में वाल्मीकी बस्ती, अलीजई, महमंद जगंला एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, अब्दुल्लागंज, केरुगंज, मघई टोला में स्थित बच्चा जेल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा पक्का पुल से सराय काईयां पुलिस चौकी होते हुये हरदोई बाईपास तक, सराय काईयां पुलिस चौकी से पुत्तुलाल चौराहा तक, पुत्तुलाल चौराहा से तम्मी खॉ के भट्टे तक, पुत्तुलाल चौराहे से पक्का पुल तक, पुत्तुलाल चौराहे से ग्रीन वैली स्कूल तक सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5248 स्थलों एवं 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 29.06.2021 को सफाई जोन–02 में बहादुरपुरा में जी.आई.सी. कॉलेज के पीछे बने नाले एवं ईदगाह रोड पर बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 खलीलशर्की एवं चौभुर्जी में बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में मढ़ा में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के दलेलगंज में स्थित नाले की सफाई से निकली सिल्ट/मलवे का उठवाये जाने का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।